**प्रेस नोट**

**थाना नवाबाद, झांसी**

**दिनाँक 18.08.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना नवाबाद पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा झपटमारी(चैन स्नैचिंग) के अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तगण को 10 घण्टे के भीतर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया,**
- **कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर, 01 जिंदा कारतूस 12 बोर, छीना गया मंगलसूत्र, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, कुल 1,250/- रु0 बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 18.08.2026 को थाना नवाबाद पुलिस व स्वाट/सर्विलांस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 458/2026 धारा 304(2) बीएनएस से संबंधित 02 अभियुक्तगण- 1. बिजेंद्र पुत्र शिवदयाल निवासी- ग्राम धुआनी, थाना- चिरगांव, जनपद- झांसी व 02. आशीष विश्वकर्मा पुत्र राकेश विश्वकर्मा निवासी- मोहल्ला बनियान, कोछाभवर, थाना- नवाबाद को मुस्तरा रोड से कैलाश रेजीडेंसी जाने वाली रोड से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त बिजेंद्र पुत्र शिवदयाल उपरोक्त द्वारा पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा जवाबी फायरिंग में अभियुक्त बिजेंद्र पुत्र शिवदयाल उपरोक्त को दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसको जीवनरक्षार्थ हेतु मेडिकल कॉलेज झांसी भिजवाया गया है तथा उसके साथी आशीष विश्वकर्मा पुत्र राकेश विश्वकर्मा उपरोक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा 12 बोर, 01 जिंदा कारतूस 12 बोर, छीना गया मंगलसूत्र, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, कुल 1,250/- रु0 बरामद किए गए। पुलिस मुठभेड़/गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नवाबाद में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**संक्षिप्त विवरणः-**

सादर अवगत कराना है कि दिनांक **17.08.2026** को समय **20.15** बजे वादी श्री महेन्द्र राजपूत पुत्र हरीराम राजपूत निवासी- आवास विकास के पीछे शिवाजी नगर थाना नवाबाद, जनपद झांसी द्वारा प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि दिनांक **17.08.2026** को समय करीब **14:00** बजे प्रार्थी की पत्नी रानी राजपूत अपने पुत्र देवांश को ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल, शिवाजी नगर से लेकर घर वापस आ रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति लाल रंग की शर्ट पहनकर मोटरसाइकिल से तथा दूसरा व्यक्ति नीले रंग की शर्ट एवं भगवा रंग का गमछा धारण कर पैदल उसका पीछा कर रहे थे। जैसे ही रानी राजपूत मोहल्ले में नरेन्द्र राजपूत के घर के सामने पहुँची, पैदल चल रहे व्यक्ति ने आगे निकलकर झपट्टा मारकर उसका

मंगलसूत्र खींच लिया। रानी द्वारा पीछा करने पर दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

इसी क्रम में आज दिनांक 18.08.2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना नवाबाद पुलिस द्वारा मुस्तरा रोड से कैलाश रेजीडेंसे जाने वाली रोड पास अभियुक्तगण की घेराबंदी की गई। इस दौरान अभियुक्त बिजेंद्र पुत्र शिवदयाल उपरोक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में उपरोक्त अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिनको जीवनरक्षार्थ हेतु तत्काल अस्पताल भिजवाया गया है। तथा उसके साथी आशीष विश्वकर्मा पुत्र राकेश विश्वकर्मा उपरोक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण</u> –

**01.** बिजेंद्र पुत्र शिवदयाल निवासी- ग्राम धुआनी, थाना- चिरगांव, जनपद- झांसी

**02.** आशीष विश्वकर्मा पुत्र राकेश विश्वकर्मा निवासी- मोहल्ला बनियान, कोछाभवर, थाना- नवाबाद

<u>बरामदगी का विवरण –</u>

1. 01 तमंचा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर
4. 01 तमंचा 12 बोर
5. 01 जिंदा कारतूस 12 बोर
6. छीना गया मंगलसूत्र
7. घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल (काले रंग की)
8. कुल 1,250/- रु0

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u> –

- प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबाद मय पुलिस टीम
- प्रभारी निरीक्षक स्वाट/सर्विलांस मय टीम